6/शा0/792/23/2/2023

3485

संख्या– 365/33–3–2023–

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायती राज,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रशासनिक अधिकारी
पंचायती राज निदेशालय,

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊः दिनाँकः 20 फरवरी, 2023

विषयः–जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत चल रही जलापूर्ति योजनाओं के अनुरक्षण हेतु ऑनलाईन डेडीकेटेड पोर्टल तैयार किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जिन परियोजनाओं के सभी कार्य पूर्ण हो जा रहे हैं और गॉव के सभी घरों को पेयजल कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जा रहा है उनको ग्राम पंचायतों को हस्तगत किया जाना है। कतिपय परियोजनाएं एक से अधिक ग्राम पंचायतों को पेयजल उपलब्ध कर रही हैं, उन्हें क्षेत्र पंचायत स्तरीय अथवा जिला पंचायत स्तरीय पेयजल समितियों को हस्तगत किया जाना है। इन परियोजनाओं को हस्तगत करने के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा एक शासनादेश पूर्ण प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है।

2. पूर्ण परियोजनाओं के हस्तगत करने के सम्बन्ध में आवश्यक डाक्यूमेन्ट व कार्यवाही पर प्रस्तुतीकरण करने के लिए दिनांक 26.02.2023 को मध्यान्ह 12.00 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में जल निगम के सभी सम्बन्धित अधिकारीगण विशेषकर अधिशासी अभियंतागण अवश्य भाग लें। बैठक का लिंक निम्नवत् हैः–

Join Zoom Meeting
https://zoom.us/j/94551615887?pwd=YjlwdXN0QnYrRm14Q3A0dEMxNVV2Zz09
Meeting ID: 945 5161 5887
Passcode: 12345

भवदीय,
20.2.23
(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

संख्याः– (1)/33–3–2023– तद्दिनाँक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ
3. श्री अभिषेक दत्ता, स्टेट कन्सल्टेन्ट, ग्रामीण जलापूर्ति प्रकोष्ठ, पंचायती राज, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।